कार्यक्रम सांसद विवेक बंटी साहू ने उमंग वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभा की सराहा

नवरस थीम बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति समझ विकसित करती हैं : सांसद विवेक बंटी साहु

नव भारत न्यूज

पांढुरना,5 जनवरी, नवरस थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में भावनात्मक संतुलन अभियुक्ति क्षमता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति समझ विकसित करती हैं । उकतांश के उदगार जिले के युवा सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा बीते दिवस नगर के रेनबो हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित उमंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त किए स्कूल में इस वर्ष भारतीय संस्कृति की भावनात्मक अभिव्यक्ति पर आधारित नवरसथीम पर वार्षिक उत्सव का गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। यह महोत्सव सांसद विवेक बंटी साहू मुख्य अतिथि में सम्पन हुआ। सांसद श्री साहू नेअपने सम्बोधन में कहा कि रेनबो हायर सेकेंडरी स्कूल बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उन्हें आत्मविश्वास से भरने का सराहनीय कार्य कर रहा है। साथ ही उन्होंने विद्यालय के गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में 100

प्रतिशत परीक्षा परिणाम की विशेष रूप से प्रशंसा की और इसे अनुशासित शिक्षण व्यवस्था, समर्पित शिक्षकों एवं जागरूक पालकों का परिणाम बताया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पधारे डॉ. पी. एन. सनेसर ने अपने सारगर्भित संबोधन में पालकों को पेरेंटिंग से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्र सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाए। साथ ही विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के व्यावहारिक उपाय बताए, जिसे उपस्थित पालकों ने जोरदार तालियों से सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती अल्का इक्का ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवरस से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उज्ज्वल सिंह चौहान की गरिमामय उपस्थिति विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रही। उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और सकारात्मक उपस्थिति कार्यक्रम की ऊर्जा को और अधिक सशक्त करती नजर आई ।नगर पालिका परिषद पांढुर्णा के अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश छांगानी, सभापति महेंद्र घोड़े, पार्षद प्रदीप कामदार, सोनू बागड़े, प्रीति गिरहारे, मदन भांगे एवं राजेन्द्र ठाकरे की उपस्थिति ने कार्यक्रम की सामाजिक और नगरस्तरीय सहभागिता को सुदृढ़ किया। इस भव्य आयोजन में संस्था के डायरेक्टर अनिल वानोडे, प्राचार्य अमोल नंदेवार, शाला संरक्षक सुरेशजी नंदेवार, भाऊरावजी वानोड़े, डॉ. रश्मि वानोड़े, चीफ एजुकेशनिस्ट अविनाश चापले, एकेडमिक हेड अल्पेश शाह, कोऑर्डिनेटर रत्नमाला अवचितकर, नलिनी राउत, रिंकू अवचितकर, रोशनी चरडे, सीमा चोपड़े, मयूरी वानखड़े, सोनाली देशमुख, कमल बारंगे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

जिला पांढुर्णा में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

पांढुरना,5 जनवरी ,कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा पांढुर्णा जिले में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत जारी किया गया है, जिससे जिले के नागरिकों एवं शासकीय सेवकों को सुविधा प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा जिले में निम्नलिखित पर्वों के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा हनुमान जयंती 02 अप्रैल 2026 (गुरुवार),अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर 2026 (शुक्रवार),दशहरा (महानवमी) 19 अक्टूबर 2026 (सोमवार)उल्लेखनीय है कि जिले की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय अवकाशों का निर्धारण किया जाता है।

राम शांति स्कूल के छात्र भावेश हनवतकर ने रचा कीर्तिमान

नव भारत न्यूज

पांढुरना,5 जनवरी, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज-2025 में पांढुरना नगर के राम शांति स्कूल के छात्र भावेश हनवतकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भोपाल क्षेत्र में शीर्ष 100 विद्यार्थियों में 7वाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणितीय तर्क, विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देना है। भावेश हनवतकर की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण है। शाला चेयरमैन सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले एवं समस्त शिक्षकों ने छात्र की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

चमत्कारिक श्री हनुमान जामसांवली मंदिर में महाप्रसाद वितरण

नवभारत न्यूज़

सौसर 5 दिसंबर. नव वर्ष 1 जनवरी 2026 के पावन अवसर पर युग सृजन लोकसेवा समिति, सौसर द्वारा जामसांवली हनुमान मंदिर परिसर में लगभग 15,000 श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति सदस्य प्रफुल ठाकरे, दिनेश सोनेकर, पंकज पराडकर, मोहन आहुजा, दीपक खरबडे, रणधीर बुटे, संजय शेंडे, गौरव जैन, सिरिज सरोडे, श्रीहरी सुहागपुरे, राहुल लाड, मुकेश खंडाईकर, जयंत बेलसरे, दीपक बोडे, पवन काले, दीपक खुडपाले, हरिष ठाकरे, आकाश बोबडे, प्रितेश पटेल, विजय खुडपाले, पंकज धमधर, रोशन बुले, महेन्द्र निमजे, अलकेश गवनेकर, निलेश आवलाने, पवन गाडगे, निलेश येमदे, तरुण घोडके, चंद्रशेखर निम्मलकर, प्रतीक श्रीखंडे, पुणेंद्र निमजे, गौरव किंकर, दिलीप पार्टेती नें अपनी सेवाएं दीं।

सड़क हादसे में सौसर के युवक की मौत, रामाकोना के पास हुई दुर्घटना

सौसर 5 जनवरी, रामाकोना के पास बीती रात हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में सौसर निवासी एक युवक की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम जानकारी के अनुसार दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही टायगर ग्रुप की एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को त्वरित उपचार के लिए सिविल अस्पताल सौसर ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक की शिनाख्त गोलू कुकड़े, निवासी सौसर के रूप में हुई है। बहरहाल सौसर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

नगरवासियों को शुद्ध पेयजल एव साफ सफाई को लेकर नपा अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

पांढुरना,5 जनवरी, नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इस बात को नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे द्वारा विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए आज इन्होंने जुनेवानी फ़िल्टर प्लांट का सहायक यंत्री के साथ ही निरीक्षण किया वहीं कार्यालय के सभाकक्ष मे मुख्य नपा अधिकारी के साथ जलप्रदाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अहम बैठक लेकर इस कार्य मे किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतने की भी हिदायत दी हैं ।

प्रदेश के इंदौर में दूषित पेयजल सेवन से अब तक 17 लोगों की मौत तथा सैकड़ों लोगों के बीमार होकर चिकित्सालय में उपचार्थ भर्ती होने की स्थिति को देखते हुए सोमवार को एतिहातन पांढुरना नगवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज सोमवार को नपा अध्यक्ष सन्दीप घाटोडे द्वारा नपा के सहायक यंत्री सोनू सकवार के साथ नगरवासियों को जिस जुनेवानी जलाशय के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया इस दौरान इनके साथ न.पा. उपाध्यक्ष ताहीर अहमद पटेल, जलप्रदाय सभापती महेन्द्र घोडे , उपयंत्री विवेक बेलिया, जलप्रदाय प्रभारी रवि सिरसाम आदि साथ में थे । इन्होंने फिल्टर प्लांट पर कार्यरत कर्मचारीयो को फिल्टर प्लांट पर साफ-सफाई रखने, निर्धारित मानको के अनुरूप एलम, बिलिविंग का उपयोग करने, परिसर में बाहरी व्यक्तियो का प्रवेश प्रतिबंधित करने तथा नगरवासीयो को निरंतर शुध्द पेयजल आपूर्ति हेतु, सतत् पेयजल परीक्षण कराने के संबंध में अधिकारीयो को आवश्यक निर्देश दिये गये।

तत उपरांत नपा कार्यालय के सभाकक्ष मे नगर की साफ-सफाई व्यवस्था सु-व्यवस्थित कराने हेतु न.पा.अध्यक्ष संदीप घाटोडे द्वारा बैठक लेकर स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता उपनिरिक्षक, सफाई दरोगा एवं सफाई संरक्षको को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती, स्वच्छता निरिक्षक संजय कवडे, स्वच्छता उपनिरिक्षक रविन्द्र चौधरी उपस्थित थे।

उमराह हज जायरीन का एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

नव भारत न्यूज

बडचिचोली,5 जनवरी,ग्राम बडचिचोली निवासी श्रीमती साबेदा बी पति शेख सफी एवं कोढाली निवासी शेख रफीक भाई तथा पत्नी ने 15 दिन की उमराह हज यात्रा के समाप्ति पर अपने वतन पहुंचने पर जायरीनो का भव्य स्वागत किया गया एयरपोर्ट से काफिला वाकी शरीफ में पहुंचकर हजरत बाबा ताजुद्दीन की मजार पर चादर पेश की गई तथा ग्राम में फरीद वाटिका में पहुंचकर हजरत ख्वाजा शेख फरीद गँज ए शकर की दरबार में चादर पेश की गई सलातो सलाम पढ़ा गया वतन में सर्वधर्म संप्रदाय भाईचारा कौमी एकता अमन चैन खुशहाली के लिए दुआ मांगी इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रेस क्लब के जिला समन्वयक संगठन पांढुरना शेख नूर मोहम्मद शेख रियाज़ शेख गोलू शकूर टेलर शेख वसीम शेख इदरीश संदीप जैन राजेश गिरारे नितेश कामडी शेख मुस्तफा भाई शेख बादुल्ला शाहिर शाकिर जवाई सादिक जवाई एवं बड़ी संख्या में परिवार के लिए उपस्थित थे.

पेट्रोलियम पदार्थों की शुद्धता, पेट्रोल पंपों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें पेट्रोल कंपनियाँ : बंटी साहू

नवभारत न्यूज छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू 04 जनवरी से 09 जनवरी तक संसद की स्थायी समिति उपभोक्ता मामलों के खाद्य और सार्वजनिक वितरण की कमेटी के साथ तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और दो केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी एवं अंडमान और निकोबार द्वीप के प्रवास पर है।

उल्लेखनीय है कि संसद की प्रमुख स्थायी समिति उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण की कमेटी की बैठको में सांसद बंटी विवेक साहू लगातार शामिल होकर देश के ज्वलिंत मुददों पर अपने महत्वपुर्ण सुझाव रख रहे है। उनके महत्वपुर्ण सुझावो को कमेटी के द्वारा देश में लागू भी किया जा रहा है। इसी के तहत सांसद श्री साहू 6 दिन तक कमेटी के साथ प्रवास पर है।

सांसद श्री साहू ने अपने 6 दिवसीय प्रवास के पहले दिन 04 जनवरी को चेन्नई में समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ में बैठक में शामिल हुए। इस दौरान

उन्होंने भारत के उपभोक्ता मामलों के विभाग एवं निजी खाद्य कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ औपचारिक चर्चा की। प्रवास के दुसरे दिन 05 जनवरी को सांसद श्री साहू ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के विशेष संदर्भ में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के विषय पर उपभोक्ता मामले विभाग और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विभाग पीएनजी, भारत सरकार ओएमसी (आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल) के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव पुडुचेरी सरकार के साथ अनोंने पेट्रोलियम कंपनियों से कहा कि वे पेट्रोलियम पदार्थों की शुद्धता और पेट्रोल पंपों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इसके बाद सांसद श्री साहू ने राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के साथ पुडुचेरी का दौरा किया।

सांसद आज पुडुचेरी और चेन्नई के प्रवास पर रहेंगें

सांसद बंटी विवेक साहू आज 6 जनवरी को पुडुचेरी में ही सुबह 11 बजे खाद्य सब्सिडी का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण विषय पर वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, पुडुचेरी सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक चर्चा करेंगे।

समुदाय को मच्छर जनित बीमारियों से कैसे बचाएं इस विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

नवभारत न्यूज़

सौंसर 5 जनवरी. राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आज सिविल हॉस्पिटल सौसर में जिला मलेरिया अधिकारी देवेंद्र भालेकर द्वारा विकासखंड सौसर की समस्त एएनएम को मच्छर जनित बीमारियों से समुदाय को कैसे बचाएं इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई श्री भालेकर द्वारा बताया गया कि साफ पानी में पनपने वाले मच्छर से डेंगू चिकनगुनिया बीमारी होती है, गंदे पानी पनपने वाले मच्छर से फाइलेरिया की बीमारी होती है,किसी प्रकार के रुके हुए पानी में मादा मच्छर अंडे देते हैं एवं अंडे से लार्वा प्यूपा बन कर फिर मच्छर बनता है, मच्छरों को लार्वा स्टेज में कैसे समाप्त करें इस विषय पर कौन से लार्वा नाशक की कितनी मात्रा डालने से मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाते है बताया गया, फाइलेरिया मरीजों के लिए कौन से सरल व्यायाम है इन्हें डेमोंसट्रेशन कर बताया गया , साथ ही फाइलेरिया मरीजों की पैरों की सफाई कैसे करना है समझाया गया , नई गाइडलाइन के अनुसार फाइलेरिया रोग की जांच के लिए रक्तपट्टी रात को 10 बजे के बाद बनाना है बताया गया इस अवसर पर एमटीएस श्याम शर्मा एवं मलेरिया निरीक्षक सुरेश आगरकर, सर्विलांस निरीक्षक पी सी परते का सहयोग रहा।

कुनबी समाज के भवन निर्माण हेतु सांसद श्री साहू द्वारा 25 लाख रुपये देने की घोषणा

नव भारत न्यूज

पांढुरना,5 जनवरी, संत श्री तुकाराम महाराज कुनबी समाज संगठन का नव वर्ष मिलन और स्वागत समारोह नगर के एक कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा के चुनाव में कुनबी समाज के सामाजिक बंधुओं ने मुझे बेटा और भाई समझकर भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस ऐतिहासिक जीत में कुनबी समाज के सामाजिक बंधुओं का महत्वपुर्ण योगदान रहा है।

इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि सभी समाजयों की उन्नति और तरक्की के लिए भाजपा सरकार के द्वारा हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। में भी कुनबी समाज की उन्नति और तरक्की में सहयोग देने के लिए हरदम तैयार हूँ। उन्होंने पांढुरना में कुनबी समाज के निर्माणाधीन भवन हेतु 25 लाख रूपये की सांसद निधि देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में कुनबी समाज संगठन छिंदवाड़ा के अध्यक्ष चंद्रभान देवरे मौजूद रहे। समारोह में सैकड़ों की संख्या में कुनबी समाज की महिला, पुरुष और युवा कार्यक्रम स्थल मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेंद्र बाम्बल और रामगोपाल भोयर ने किया गया ।

अतिथियों में सांसद बंटी विवेक साहू, पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़, कुनबी समाज संगठन छिंदवाड़ा के अध्यक्ष आदि द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए अपनी बात रखी।

सरपंच संगठन विजयी

नवभारत न्यूज़

सौंसर 5 दिसंबर.ग्राम वाघोड़ा में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में सरपंच संगठन सौसर विजयी रहा है। बजाज मैदान पर सौसर क्रिकेट टीम और सरपंच संगठन सौसर की टीम के बीच मैच खेला गया। पहले खेलते हुए सौसर की टीम ने 8 ओवर में 75 रन का टारगेट दिया। सरपंच संगठन की टीम ने बिना कोई विकेट गवाए मात्र चार ओवर तीन बॉल के जीत हासिल कर ली। सरपंच टीम की और से अनिल परतेती और हरीश धुर्वे ने नाबाद पारी खेलकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सरपंच संगठन टीम के हरीश धुर्वे सरपंच तीनखेड़ा, गोमाजी ऊईके रामपेठ दिनेश भलावी कढ़ैया ,नितेश ठाकरे रंगारी, पंकज दातारकर बोरगांव, देवराव सीतकरे धोतकी, गणेश बावने सांवली,विनोद अंबुरे अम्बाड़ी, अनिल परतेती कोपरावादी ,सुधाकर सोनेसर गंगातवाड़ ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वाघोड़ा सरपंचयमुनाबाई आत्राम इस अवसर पर उपस्थित थी।

कार्यवाही उल्लंघन करने वालों पर होंगी सख्त कार्यवाही

जिले में चायनीज धागे के विक्रय पर प्रतिबंध

नव भारत न्यूज

पांढुरना,5 जनवरी, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ ने जनहित, लोक शांति तथा आमजन की जान-माल की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पांढुर्णा जिले की राजस्व सीमा में चायनीज (चायना) धागे के विक्रय, भंडारण एवं पतंगबाजी में उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं।

मीडिया एवं जनसामान्य द्वारा यह तथ्य संज्ञान में लाया गया है कि पतंगबाजी में उपयोग होने वाला चायना का धागा अत्यधिक घातक है, जिससे पक्षियों एवं

जनसामान्य को गंभीर क्षति पहुँचती है। कई बार पक्षी इस धागे में उलझकर घायल हो जाते हैं तथा अनेक मामलों में उनकी मृत्यु तक हो जाती है। वहीं सड़क पर चलने वाले राहगीर भी इस धागे के संपर्क में आने से घायल हो चुके हैं। चायना धागे की अत्यधिक मजबूती इन दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है, जिससे पशु-पक्षियों एवं जनसामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

निकट भविष्य में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बड़े पैमाने पर पतंगबाजी की जाती है। ऐसे में चायना धागे के उपयोग से संभावित दुर्घटनाओं एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए इसके उपयोग पर तत्काल रोक आवश्यक प्रतीत हुई। इसी क्रम में पांढुर्णा जिले की सीमा में चायना धागे का पतंगबाजी में उपयोग, उसका भंडारण एवं विक्रय प्रतिबंधित किया गया है।

यह आदेश जनसाधारण की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभावशील किया गया है तथा इसे एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोक सूचना हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, जिससे आमजन को प्रतिबंध की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके।

अधिवक्ता संघ द्वारा मनाया नववर्ष मिलन समारोह

नव भारत न्यूज

पांढुरना,5 जनवरी, अधिवक्ता संघ द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश आमोद आर्या साहब, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट हर्षिता पिपरेवार ,न्यायिक मजिस्ट्रेट संजीत चौरसिया साहब रहे , जिसमे समस्त अधिवक्तागणो द्वारा एक दूसरे के साथ अपने अनुभव व्यक्त किये वही नव वर्ष की बधाई प्रेषित की इस अवसर पर लगभग समस्त अधिवक्तागन मौजूद थे ।